# पिछड़े जिलों के मेधावियों को वर्ल्ड एक्सपो दिखाएगी सरकार

लखनऊ। केंद्र सरकार महत्वाकांक्षी (विकास में पिछड़े) जिलों के मेधावियों को वर्ल्ड एक्सपो-2021-22 का भ्रमण कराने दुबई ले जाएगी। नीति आयोग ने प्रदेश सरकार से सभी आठ महत्वाकांक्षी जिलों से एक-एक मेधावी का चयन कर सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

**दिसंबर में दुबई में आयोजन, निशुल्क होगी यात्रा**

**नीति आयोग ने मांगी विद्यार्थियों की सूची**

शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुबई में दिसंबर में वर्ल्ड एक्सपो का आयोजन होना है। केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने देश के सभी 112 महत्वाकांक्षी जिलों के एक-एक मेधावी को इसमें भेजने का प्रस्ताव किया है। मंत्रालय ने कहा है कि इनकी यात्रा व अन्य सभी खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। आयोग ने मेधावियों के चयन का मानदंड तय करते हुए सभी कार्यवाही इस माह के अंत तक पूरी करने को कहा है। प्रदेश में बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर व सोनभद्र महत्वाकांक्षी जिले हैं। अपर मुख्य सचिव नियोजन ने संबंधित विभागों व जिले के अधिकारियों को मेधावियों का चयन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**विद्यार्थियों को मिलेगी लर्निंग एप से अध्ययन सामग्री :** नीति आयोग ने कोविड काल में विद्यालयों के बंद होने से बच्चों के शिक्षण पर नकारात्मक प्रभाव का संज्ञान लिया है। आयोग ने इन जिलों के कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों को सप्लीमेंट लर्निंग रिसोर्सेज उपलब्ध कराने के लिए बायजूस (लर्निंग एप) के साथ हाथ मिलाया है। ब्यूरो